राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
ब्लाक ए/4, गौतम नगर, भोपाल 462023
Web site-rgpvdiploma.in Email - rgpvpoly@rediffmail.com Fax - 0755-2583656, 2600164

क्रमांक/रागाप्रौवि/गोप/2020/66 भोपाल दिनांक 08/06/2020

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त डिप्लोमा फार्मेसी संस्थाएं एवं परीक्षा केन्द्र,
मध्यप्रदेश

विषय – दिनांक 22 जून 2020 से आयोजित द्वितीय वर्ष डिप्लोमा फार्मेसी परीक्षा में विद्यार्थियों को परीक्षा शहर का विकल्प चुनने की सुविधा प्रदान करने विषयक ।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 22 जून से 04 जुलाई 2020 तक केवल द्वितीय/अंतिम वर्ष के नियमित एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों हेतु डिप्लोमा फार्मेसी की परीक्षा विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की जा रही है । छात्रों के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा जिन शहरो में डिप्लोमा फार्मेसी परीक्षा आयोजित की जा रही है, उन शहरों में से किसी एक को केन्द्र परिवर्तन के लिए विकल्प चुनने हेतु प्रावधान किया जा रहा है । उक्त प्रावधान के तहत विद्यार्थियों को दिनांक 15 जून 2020 तक अपना विकल्प प्रस्तुत करना होगा । दिनांक 15 जून के उपरांत कोई भी विकल्प स्वीकार नही किया जाएगा । आप अपनी संस्था के समस्त द्वितीय वर्ष में सम्मिलित हो रहे विद्यार्थियों को इस संबंध मे अवगत करावें, जिससे वे विकल्प भर सकें । विकल्प के लिए विद्यार्थियों को उनके Log in ID पर एक प्रपत्र उपलब्ध होगा । उक्त प्रपत्र में दिए गए विकल्पों में से किसी एक का चुनाव विद्यार्थियों द्वारा किया जा सकेगा । विकल्प प्रस्तुत करने के उपरांत उसे परिवर्तित नही किया जाएगा । अतः समस्त विद्यार्थियों को अवगत करावें कि वे भलिभांति देखकर ही विकल्प भरें ।

सचिव,
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल